जैन समाजात प्रचंड खपाचे व लोकप्रिय मासिक

# जैन जागृति

(Since 1969) www.jainjagruti.in



६२ ऋतुराज सोसायटी, पुणे-सातारा रोड, भापकर पेट्रोल पंपा समोर, सिटी प्राईडच्या पुढची लेन, पुणे ४११०३७.
मो. : ८२६२०५६४८०, ☎ : ०२० - २४२१५५८३
मोबाईल : संजय ९८२२०८६९९७, सुनंदा ९४२३५६२९९१

❖ संस्थापक ❖
स्व. श्री. कांतीलालजी चोरडिया

संपादक व प्रकाशक : संजय के. चोरडिया
सहसंपादक : सौ. सुनंदा एस. चोरडिया

❖ वर्ष ५३ वे ❖ अंक १२ वा ❖ ऑगस्ट २०२२ ❖ वीर संवत २५४८ ❖ विक्रम संवत २०७८

या अंकात पान नं.


- श्रमण संघीय पदाधिकारी मुनिराज चातुर्मास १५
- पुणे शहर स्थानकवासी चातुर्मास १६
- पुणे शहर मंदिर मार्गी चातुर्मास १७
- महाराष्ट्र प्रांत श्रमण संघीय चातुर्मास १९
- महाराष्ट्र शासन जीवदया संबधी GR २२
- जीवदया - कराड मॉडेल २३
- कव्हर तपशील २४
- अंतिम महागाथा : मन को पाया जा सकता है सत्य को नहीं। ३१
- ऐसा कौनसा कुआँ है जिसमें गिरने के बाद आदमी बाहर नहीं निकल पाता ? ३४
- तप और तप की जानकरी ३५
- जीवन बोध : मन का संतुलन ४२
- सुक्ति से मुक्ति : दान ४३
- कडवे प्रवचन ४५
- मोक्ष मार्ग के २१ कदम : प्रवचन भक्ति ४७
- रत्न संदेश ४९
- जिन शासन के चमकते हिरे ✲ नयन सार ✲ श्री सिंह अणगार ५९
- ऐसी हुई जब गुरुकृपा : खोजी बण ६२
- चातुर्मास आगमन के शुभ प्रसंग पर आत्मोन्ती का मंगल संदेश ६३
- रंगबिरंगी - रंग दुनिया के ६४
- तप और सेवा से कर्म - निर्जरा ६७
- संयुक्त परिवार : वट वृक्ष की छांव ६८
- पाप तुम्हारे खोल दो ६९
- आत्मोत्थान में बाधा - अज्ञान ७१
- हास्य जागृति ७२
- रक्षाबंधन ७३
- जैन कॉन्फ्रेंस पंचम झोन - पुणे ७४
- क्रिंग इलेक्ट्रीकल स्विचेस - उद्घाटन ७५
- वीतराग सेवा संघ, पुणे ७५
- C.A. श्री. कल्याणचंदजी कोटेचा - ७६
- जीतो "ऑनलाईन मार्केट प्लेस जे पॉईंट" ७७
- C.A. श्री. सुयश बातम्या ८३

| | | | |
|---|---|---|---|
| ● पुणे फीटल केअर सेंटर – उद्घाटन | ८४ | ● पूना मर्चन्ट चेंबर – जी.एस.टी. आंदोलन | ९१ |
| ● हॅपी जॉईन्ट क्लिनीक, पुणे – उद्घाटन | ८५ | ● लेखन रंग गुलू गुलू बोलू – प्रकाशन | ९२ |
| ● कोठारी चॅरिटेबल ट्रस्ट, पुणे | ८५ | ● कर्मबंध | ९२ |
| ● चि. आदि आनंदजी चोरडिया – सुयश | ८७ | ● श्री. पारसजी मोदी, मुंबई – पुरस्कार | ९३ |
| ● चि. विश्व विशालजी चोरडिया, पुरस्कार | ८७ | ● कु. देशना नहार – गिनीज बुक रेकॉर्ड | ९३ |
| ● श्री. नंदकिशोर सांकला, नाशिक | ८८ | ● डायग्नोपिन डायग्नोस्टिक सेंटर, दिल्ली | ९७ |
| ● श्री. कुणाल लुणावत – सेबी निवड | ८८ | ● वर्धमान ग्रुप, पुणे | ९७ |
| ● राहुल इंजिनियरींग ग्लोबल प्रा.लि., पुणे | ८९ | ● विविध धार्मिक, सामाजिक बातम्या | |


**जैन जागृति मासिकाचे वर्गणी दर** ❖ एका वर्षात तीन मोठ्या अंकासहित

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पंचवार्षिक | रु. २२०० | त्रिवार्षिक | रु. १३५० | वार्षिक | रु. ५०० |

या अंकाची किंमत ५० रुपये.

● www.jainjagruti.in
● www.facebook.com/jainjagrutimagazine

## सुसंस्कार व सदाचाराचा पुरस्कार करणाऱ्या 'जैन जागृति' मासिकाचे वर्गणीदार व्हा !

- वीतराग वाणी, आचार्य, साधू, साध्वी यांचे लेख, धार्मिक, सामाजिक व शैक्षणिक लेख, धार्मिक कथा, बोधकथा, ऐतिहासिक पुरुषांचे जीवन चरित्र, तीर्थक्षेत्र परिचय, समाज प्रबोधन लेखमाला, दीपावली पूजन विधी व मुहूर्त, आरोग्य व गृहोपयोगी लेख, विविध बातम्या इ. साहित्य जैन जागृतित प्रकाशित केले जाते.
- आपण स्वत: जैन जागृतिचे ग्राहक बना व आपले नातेवाईक, मित्र, व्यापारी बंधू इत्यादींना वर्गणीदार नसतील तर त्यांना वर्गणीदार होण्यास सांगा. ● 'जैन जागृति' मासिकाची वर्गणी भरून इतरांना भेट पाठवा.

जैन जागृति वर्गणी व जाहिरात – रोख/Google Pay, M. 9822086997/AT PAR चेक/पुणे चेकने/ RTGS / Jain Jagruti Website इत्यादी द्वारा पाठवावी

**BANK ACCOUNT DETAILS - A/C Name : JAIN JAGRUTI**

**Bank : STATE BANK OF INDIA** **Branch : Market Yard, Pune 37.**
**Current A/c No. : 10521020146** **IFS Code : SBIN0006117**

'जैन जागृति' हे मासिक मालक, मुद्रक व प्रकाशक एस. के. चोरडिया यांनी प्रकाश ऑफसेट, शॉप नं. १२-१३, पर्वती टॉवर्स, पुणे – ४११००९ येथे छापून ६२ बी, ऋतुराज सोसायटी, पुणे-सातारा रोड, पुणे – ४११ ०३७ येथे प्रसिध्द केले. संपादक – एस. के. चोरडिया

"Jain Jagruti" monthly magazine is owned, printed & published by S. K. Chordia, Printed at Prakash Offset, Shop No. 12-13, Parvati Towers, Pune 411009. Published at 62-B, Ruturaj Society, Pune - Satara Road, Pune - 411 037. Editor - S. K. Chordia

टिप : या अंकात प्रसिध्द झालेल्या मताशी संपादक सहमत असतीलच असे नाही. जैन जागृति संबंधित कोणत्याही कायदेशीर कारवाईसाठी पुणे न्यायलय क्षेत्र ग्राह्य धरले जाईल.

टिप : जैन जागृति अंकात प्रकाशित लेख, बातम्या, जाहिरातीचे सर्वाधिकार सुरक्षीत आहेत.

## महाराष्ट्र शासन

क्रमांक :- संकीर्ण १०/२००२/प्र.क्र.१११/
नवि. २७,
नगर विकास विभाग
मंत्रालय, मुंबई ४०००३२.

दिनांक : २८ मार्च, २००३.

प्रति,
आयुक्त,
सर्व महानगरपालिका.

मुख्याधिकारी,
सर्व नगरपालिका.

विषय :- दरवर्षी **''महावीर जयंती''** या दिवशी कत्तलखाने व मांस विक्री दूकाने बंद ठेवण्याबाबत.

महोदय,

दरवर्षी ''महावीर जयंती'' या दिवशी कत्तलखाने व मांस विक्री दूकाने बंद ठेवण्याचा शासनाने निर्णय घेतला आहे. त्या अनुषंगाने आपणांस कळविण्यात येते की, दरवर्षी ''महावीर जयंती'' या दिवशी आपल्या कार्यक्षेत्रातील कत्तलखाने व मांस विक्री दुकाने बंद ठेवण्याबाबत आवश्यक ती कार्यवाही करण्यात यावी तसेच एखाद्या प्रसंगी महावीर जयंतीच्या दिवशी ''बकरी ईद'' असल्यास मुस्लिम बांधवांना धार्मिक पशुवधासाठी परवानगी देण्यात यावी.

आपला
(र. ग. पवार)
महाराष्ट्र शासनाचे उपसचिव.

प्रत,
संचालक, नगरपालिका प्रशासन, मुंबई
सर्व विभागीय आयुक्त तथा प्रादेशिक संचालक
सर्व जिल्हाधिकारी
संचालक, माहिती व जनसंपर्क संचालनालय, मुंबई

---

**क्रमांक :** संकीर्ण-१०२००८/प्र.क्र.१२१/नवि-२०
नगर विकास विभाग,
मंत्रालय, मुंबई - ४०० ०३२.
दिनांक : ०७ सप्टेंबर २००४

प्रति,
**आयुक्त,**
सर्व महानगरपालिका

**मुख्याधिकारी**
सर्व नगरपरिषद.

विषय : दरवर्षी जैन धर्मियांचे पयुर्षण पर्वानिमित्त कत्तलखाना व मांस विक्री दुकाने बंद ठेवण्याबाबत..........

महोदय,

दरवर्षी जैन धर्मियांचे पयुर्षणपर्व श्रावण वद्य १२ ते भाद्रपद शुध्द ५ या कालावधीत असल्यामुळे या अवधीत अहिंसा पाळण्यात यावी. यादृष्टीने श्रावण वद्य १२ व भाद्रपद शुध्द ४ या दिवशी. राज्यातील सर्व कत्तलखाने आणि मांस विक्रीची दुकाने बंद ठेवण्याचा शासनाने निर्णय घेतला आहे. त्या अनुषंगाने आपणास कळविण्यात येते की, दरवर्षी वद्य १२ व भाद्रपद शुध्द ४ संवत्सरी पर्व या दिवशी आपल्या कार्यक्षेत्रातील सर्व कत्तलखाने व मांस विक्रीची दुकाने बंद ठेवण्याबाबत आवश्यक ती कार्यवाही करण्यात यावी.

तसेच पयुर्षण पर्वातील उर्वरित दिवशी (श्रावण वद्य १३ ते भाद्रपद शुध्द ३ व ५ या दिवशी) आपल्या क्षेत्रातील सर्व कत्तलखाने व मांस विक्रीची दुकाने बंद करणे समयोचित ठरावे, त्यामुळे आपण आपल्या क्षेत्रातील सर्व कत्तलखाने व मांस विक्री दुकानदार यांना कत्तलखाने व मांस विक्री बंद करण्याबाबत आवाहन करावे.

आपला,
( गु. अ. नाईक )
अवर सचिव, महाराष्ट्र शासन

प्रत : माहितीकरीता व आवश्यक त्या कार्यवाहीकरिता -
सर्व जिल्हाधिकारी
आयुक्त तथा संचालक, नगरपरिषद प्रशासन संचालनालय, वरळी, मुंबई
सर्व विभागीय आयुक्त तथा प्रादेशिक संचालक, नगरपरिषद प्रशासन संचालनालय.
संचालक, माहिती व जनसंपर्क, मंत्रालय मुंबई
यांचेकडे सर्व वर्तमानपत्रात प्रसिध्दी देण्याकरिता

# जिओं और जीने दो – जीवदया : कराड मॉडेल
# अपने शहर, गावों में जीवदया का कार्य करे

कराड (जि. सातारा), महाराष्ट्र में बसा हुआ एक शहर, जहाँ के जैन समाज ने की अद्‌भुत जीवदया पिछले ५ साल में बचाए २.५ लाख जीव (बिना एक रुपया खर्च किए)।

हर साल श्री महावीर प्रभू के जन्मकल्याणक दिन पे सारे मांस, मटण, पोल्ट्री, कत्तलखाने दुकाने बंद रखवाते है और ५००० जीव लगभग बचाते है। (बिना एक रुपया खर्च किए)।

श्वेतांबर जैन के मान्यता नुसार पर्युषण महापर्व के पहले दिन और आखरी दिन सारे मांस, मटण, पोल्ट्री, कत्तलखाने दुकाने बंद रखवाते है और लगभग ५५००० जीव बचाते है। (बिना एक रुपया खर्च किए)

हम ये सब कर पाते है कैसे ? ये आपको भी समझा के। आपसे भी अपने शहर, गाँव में जीवदया करवाने की बिनती करते है। हर साल हम सभी जैन संघ, संघटना, मंडळ से निवेदन करते है कि आप भी जीवदया करे। हमारी कोशिश पुरे महाराष्ट्र में पहुँचने की है।

**महाराष्ट्र शासन ने जीवदया संदर्भ में २ जीआर निकाले है। दोनों GR बाजूके पान पर दिये है। ←**

१) दरवर्षी भगवान महावीर जन्मकल्याणक दिवशी कत्तलखाना व मांस विक्री दुकाने बंद ठेवण्याबाबत जीआर

क्रमांक : संकीर्ण १०/२००२/प.क्र. १११ नवि २७ नगर विकास विभाग मंत्रालय, मुंबई ३२, दि. २८ मार्च २००३.


२) दरवर्षी पर्युषण पर्व (श्रावण वद्य १२ व भाद्रपद शुद्ध ४ – दोन दिवस) कत्तलखाना व मांस विक्री दुकाने बंद ठेवण्याबाबत.

क्रमांक : संकीर्ण १०२००८/प्र.क. १२१/नवि २०, नगर विकास विभाग मंत्रालय, मुंबई ३२, दि. ७ सप्टेंबर २००४

२००४ साल का पर्युषण में बंद ये जीआर (परिपक्व) मुंबई – महाश्वेता जैन संघठन के प्रयास से प्राप्त हुआ था लेकिन हम इसे उपयोग में नहीं ला रहे थे। हमें ये जीआर की कॉपी की सिर्फ अंमलबजावणी करानी है। हम आपको पुरा साथ देंगे सिर्फ आप ३/४ दिन का समय दिजिए और हर संघ जीव बचाने का प्रयास करे।

अधिक जानकारी प्राप्त करे ९४२२४०२१६२, ९४२२४००५४८ ●


**जीवदया व गौपालन के लिए**



**श्री क्षेत्रपाल प्रतिष्ठान**

उज्ज्वल गौपालन सस्था

**नवकार तीर्थ, लोणीकंद की यह गोशाला आप सभी दानवीर के सहयोग से गोवंश का अभय दान बन गयी हैं। आपके परिवार की हर खुशी में एंव विभिन्न प्रसंग पर रु. १००१/- देकर एक गोवंश को अभय दान दे। या रु. ५१००१/- देकर २१ साल की गोशाला की मिती लेकर जीवदया के इस महायज्ञ में सहयोग देकर मनःशांती पाईए।**

नवकार तीर्थ, पुणे - नगर रोड, लोणीकंद, जि. पुणे.
**फोन :** २७०६९६९०, ९८२२९५७७८८
**पुणे ऑफिस :** दुग्गल प्लाझा, प्रेमनगर, बिबवेवाडी रोड, पुणे ३७. **फोन :** ६५२५७७०५, **मो.:**९८५०७१४१६४
www.jainnavkartirth.goshala.org

**संस्था को दिए गए दान पर आयकर कानून कलम ८० जी के अंतर्गत इन्कमटॅक्स की छूट मिलेगी**

## कव्हर तपशील - ऑगस्ट २०२२




❖ **आदिनाथ स्थानक, पुणे – चातुर्मास प्रवेश**
आदिनाथ स्थानकवासी जैन भवन ट्रस्ट, पुणे येथे श्रमण संघीय सलाहकार प.पू. श्री दिनेशमुनिजी म.सा., प.पू. श्री डॉ. द्विपेंद्रमुनिजी म.सा., प.पू. श्री पुष्पेंद्रमुनिजी म.सा. यांचा चातुर्मास प्रवेश २ जुलै २०२२ रोजी संपन्न झाला. यावेळी गुरुदेवाच्या समवेत संघाचे अध्यक्ष श्री. विजयजी नवलाखा, श्री. अनिलजी नहार, श्री. संजयजी सांकला, श्री. भरतजी चंगेडे, श्री. सचिनजी टाटिया, श्री. प्रदिपजी ललवाणी, श्री. दिलीपजी बोरा इ. मान्यवर. (बातमी पान नं. १८)

❖ **श्री गोडीजी पार्श्वनाथ जैन मंदिर – चातुर्मास**
श्री गोडीजी पार्श्वनाथ टेम्पल ट्रस्ट, पुणे येथे आचार्य श्री देवचंद्रसूरिश्वरजी म.सा. आदि ठाणा व साध्वी श्री हीरयशाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा यांचा चातुर्मास प्रवेश भव्य कार्यक्रमात संपन्न झाला.

❖ **कु. देशना नहार – गिनीज बुक ऑफ रेकॉर्ड**
पुणे येथील श्री. रसिकलालजी व सौ. दयाजी नहार यांची नात आणि आदित्य व सौ. पायल नहार यांची सुपुत्री कु. देशना नहार (वय ७) हीने लिंबो स्केटिंग मध्ये गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड मध्ये आपले नाव नोंदविले आहे. विरोधी पक्षनेते श्री. अजितजी पवार यांनी पुणे येथील गुरुजन गौरव पुरस्कार कार्यक्रमात तीचा विशेष सन्मान केला. (बातमी पानं नं. ९३)

❖ **चि. विश्व चोरडिया – टाईम्स ब्रॅन्डस् पुरस्कार**
पुणे येथील सुहाना प्रवीण मसालेवालेचे संचालक श्री. राजकुमारजी हुकमीचंदजी चोरडिया यांचा नातू चि. विश्व विशालजी चोरडिया याला टाईम्स ग्रुप तर्फे टाईम्स पॉवर ब्रॅन्डस् पुरस्कार देऊन सन्मानित करण्यात आले. (बातमी पानं नं. ८७)

❖ **चि. आदि चोरडिया बोर्डात ९७% गुण**
पुणे येथील सुहाना प्रवीण मसालेवालेचे संचालक श्री. राजकुमारजी हुकुमीचंदजी चोरडिया यांचा नातू व श्री. आनंद-सौ. गौरी यांचे सुपुत्र चि. आदि याला १० वीच्या ISCE बार्डात ९७% गुण मिळाले आहेत. गणितात १०० पैकी १०० गुण मिळाले आहेत. चि. आदिचा सन्मान करताना नगरसेवक श्री. प्रवीणजी चोरबेले, जैन जागृतिचे संपादक श्री. संजयजी चोरडिया, सोबत श्री. राजकुमारजी, आनंदजी, सौ. गौरी चोरडिया. (बातमी पानं नं. ८७)

❖ **श्री. पारसजी मोदी, पुरस्कार**
मुंबई, पुणे येथील उद्योजक व जैन कॉन्फ्रेंसचे माजी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री. पारसजी मोदी यांना चिंतामणी ज्ञानपीठ व राष्ट्रवादी काँग्रेस पक्ष यांच्या वतीने विरोधी पक्षनेते श्री. अजितजी पवार यांच्या हस्ते गुरुजन गौरव पुरस्कार देऊन सन्मानित करण्यात आले. (बातमी पानं नं. ९३)

❖ **क्रिंग इलेक्ट्रीकल स्विचेस – उद्घाटन**
भोसरी एमआयडीसी येथे क्रिंग इलेक्ट्रीकल स्विचेस व इतर संबधीत उत्पादनाचे लाँचिंग, उद्घाटन नुकतेच संपन्न झाले. रेनबो ग्रुपचे श्री. सुनीलजी नहार, सिध्दी विनायक ग्रुपचे श्री. राजेशजी सांकला, नंदनवनचे श्री. श्यामजी खोतकर, अभिनव ग्रुपचे श्री. श्यामकांतजी शेंडे या मान्यवरांच्या हस्ते विविध विभागाचे उद्घाटन

झाले. यावेळी सोबत क्रिंग इलेक्ट्रीकल उत्पादन करणाऱ्या बीएनबी कॉन्सेप्टस् प्रायव्हेट लिमिटेडचे संचालक श्री. सतिशजी बनवट, श्री. अनिलजी नहार, शार्दूलजी गुपचुप, संगीताजी बापतीवाले, प्रणवजी नहार इ. मान्यवर. (बातमी पानं नं. ७५)

❖ **राहुल इंजिनिअरींग ग्लोबल प्रा. लि., पुणे**

पुणे येथील राहुल इंजिनिअरींग ग्लोबल प्रा. लि. व MIT वर्ल्ड पीस युनिव्हर्सिटी यांच्या मेकॅनिकल व केमिकल इंजिनिअरच्या शाखेने MOU करार केला आहे. यावेळी MIT कॉलेजचे पदाधिकारी. राहुल इंजिनिअरींग ग्लोबल प्रा. लि. चे व्यवस्थापक संचालक श्री. राहुलजी चंद्रकांतजी छाजेड व संचालिका सौ. राखी (बाफना) छाजेड या वेळी उपस्थित होत्या. (बातमी पानं नं. ८९)

❖ **डायग्नोपिन, कोठारी डायग्नोस्टिक – दिल्ली**

डायग्नोपिन कोठारी डायग्नोस्टिक सेंटरच्या नवीन ब्रँचचे उद्घाटन नवी दिल्ली येथे केंद्रिय मंत्री श्री. अर्जुनराम मेघवालजी यांच्या हस्ते संपन्न झाले. यावेळी सोबत श्री. सतिशजी बनवट, श्री. संजयजी अगरवाल, श्री. हेमंतकुमारजी लोहिया, डायग्नोपिनचे संचालक श्री. प्रफुल्लजी कोठारी व मितेशजी कोठारी. (बातमी पानं नं. ९७)

❖ **फीटल केअर व हॅपी जॉईन्ट क्लिनीक – उद्घाटन**

शंकरशेठ रोड, पुणे येथे डॉ. श्वेता सन्नी सुराणा-गुगळे यांच्या पुणे फीटल केअर सेंटर व डॉ. सन्नी गुगळे यांच्या हॅपी जॉईन्ट क्लिनीकचे उद्घाटन पद्मविभूषण डॉ. के. एच. संचेती, डॉ. पराग संचेती, डॉ. कोयाजी, डॉ. भंडारी, श्री. सतिशजी सुराणा इ. मान्यवरांच्या उपस्थितीत संपन्न झाले. (बातमी पानं नं. ८४, ८५)

❖ **C.A. श्री. कल्याणचंदजी कोटेचा**

सी. ए. कल्याणचंदजी कोटेचा यांनी सनदी लेखापाल म्हणून ५० वर्ष उत्कृष्ट काम करून वयाची ७५ वर्षे पूर्ण केल्याबद्दल अमृत महोत्सवी वर्षानिमित्त त्यांचा विविध प्रतिष्ठाणच्या वतीने माजी मंत्री जयदत्तजी क्षीरसागर, विधानसभेचे माजी अध्यक्ष अरूणजी गुजराती यांच्या प्रमुख उपस्थितीत सत्कार करण्यात आला.
(बातमी पानं नं. ७६)

❖ **वर्धमान ग्रुप, पुणे**

वर्धमान ग्रुपचे श्री. हर्षदजी बलदोटा, सौ. सेजल कटारिया, श्री. निलेशजी कोठारी, श्री. गौरवजी कोठारी यांनी आदिनाथ स्थानकात प.पू. श्री दिनेशमुनिजी म.सा. यांच्या सान्निध्यात ''आनंद गुरु मेरे उपकारी'' या भक्ति गीतांचा शुभारंभ केला. यावेळी नगरसेवक श्री. प्रविणजी चोरबेले, श्री. अभयजी छाजेड, श्री. विजयकांतजी कोठारी, श्री. अनिलजी नहार, श्री. विजयजी नवलाखा, श्री. संजयजी चोरडिया इ. मान्यवर उपस्थितित होते. (बातमी पान नं. ९७) •


**खुशखबरी**

**सभी जैन विद्यार्थी अवश्य ध्यान दें**

**अल्पसंख्यक स्कॉलरशिप**

**२१ जुलाई २०२२ से ऑनलाईन आवेदन शुरु हो चुके हैं**

**प्रीमेट्रिक २०२२-२३**

**अंतिम दिनांक ३०-०९-२०२२**

**पोस्ट मेट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स २०२२-२३**

**अंतिम दिनांक ३१-१०-२०२२**

**राष्ट्रीय अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति फॉर्म भरने के लिए इस पोर्टल का उपयोग करे**

**https://scholarships.gov.in/**

**✦ आवश्यक डॉक्यूमेंटस ✦**

- पासपोर्ट साईज फोटो
- बैंक पास बुक की फोटो कॉपी
- मूल निवासी प्रमाण पत्र
- अल्पसंख्यक स्वघोषणा पत्र
- आय प्रमाण पत्र
- फीस की रसीद
- पिछली कक्षा की मार्कशीट

**कृपया इस जानकारी को अपने सभी जैन ग्रुप में और सभी जैन भाई-बहनों को भेजे, समाज हित में जारी।**



# अंतिम महागाथा

लेखक : प्रबुध्द विचारक पू. श्री. आदर्शऋषिजी म.सा.

*(क्रमशः )*

## मत को पाया जा सकता है सत्य को नहीं

वाराणसी का राजा जितशत्रु भगवान का परम भक्त, अनुयायी बन गया । उसने संकल्प किया कि स्वयं पशुहिंसा नहीं करूँगा और आदेश दिया कि राज्य में भी हिंसा नहीं होगी।

धार्मिक जगत में एक ही चर्चा है कि महावीर यज्ञ में होने वाली हिंसा का विरोध करते हैं। उनका साथ देने उनके शिष्य तेजस्वी प्रकांड ब्राह्मण है। वे उनके सेवा में बैठकर वाणी श्रवण करते है।

वाराणसी के समृध्द श्रेष्ठी चुल्लनी पिता अपनी पत्नी श्यामा एवं सुरादेव अपनी धर्मपत्नी धन्या के साथ प्रभु से श्रावक धर्मअंगीकार करके उनके अनुयायी बन जाते है। वाराणसी से भगवान आलंभिया गांव में पधारते है। वहाँ के प्रतिष्ठित चुल्लशतक अपनी पत्नी बहुला के साथ भगवान के पास अणुव्रतों की शिक्षा ग्रहण कर श्रावक बन जाते है। उसी गाँव में पोग्गल नाम का एक स्कन्दक संन्यासी रहता है।

भगवान महावीर के पास आकर जो भी उनके अनुयायी बन रहे है, वे सत्य - धर्म और संयम के उपासक बन रहे है। ''जिन'' के उपासक याने जिन्होंने ''स्वयं'' को जीता है, जो इंद्रिय विजेता है। जिनके न कोई बाहर शत्रु है न भीतर उनके जब अनुयायी बन रहे है तो निश्चित है कि अब वे आत्म-उपासक है पदार्थ के दास नहीं।

महावीर उन धर्मगुरुओं से बिलकुल भिन्न है, जो स्वयं की पूजा कराते है, स्वयं को केंद्र में रखकर सारा प्रपंच करते है, यह आत्मवंचक ही ऐसा आयोजन करते है। जिसमें धर्म, अध्यात्म, आत्मा केंद्र में नहीं । जिनके स्वयं के चमत्कार स्वयं की लीला अलौकिक शक्ति सामर्थ्य केंद्र में होता है, वे रातदिन इसी उधेडबुन में होते है कि कैसे मेरे पुजारी बढे। पूजा पानेवाले दरिद्र ही रह जाते है।

लोग मेरे गुणगान कैसे करे । मैं जो भी धर्म-अध्यात्म के नामपर थोपूं या कहूँ उसे ईश्वर वचन मानकर स्वीकारे । संसारी मोह का खेल संबंध और स्वार्थ के कारण खेलते है और ये धर्मगुरु धर्म के नामपर अंधभक्ति को विशुध्द मानकर मोहासक्ति-आकर्षण के नामपर खेल खेलते है। जिसका अलग ही संसार बन जाता है।

महावीर न पूजा में विश्वास करते न पूजा लेने में। वे तो साधक को पूजा सत्कार से दूर रहने को कहते है। चाहे निंदा हो या प्रशंसा हो दोनों में समभाव रखे।

महावीर की सोच और धर्मोपदेश बहुत ही अलग है। वे अनुयायियों को अपने पीछे चलाने के लिए उपदेश नहीं करते है। किसी के पीछे चलकर मत को पाया जा सकता है, सत्य को नहीं प्राचीन श्रमण परंपरा से यह माना जाता है किन व्यक्ती के पीछे चलना है, उसकी पूजा करते रहना है। उसके गुणों को अपनाओ। उसने पाये सत्य को स्वीकारो यही विश्वास उपयोगी है। मात्र सत्य को पूजनेवाले, उसपर बोलनेवाले कायर होते हैं। सत्य को सिर्फ भाषा तक स्पष्ट बोलनेवाले ढोंगी दंभी होते हैं। सत्य को जीनेवाले वीर होते है। महावीर के पास जो भी आये वे उनकी मैत्री, करुणा, सत्य, समता के कारण खींचे चले आए।

भगवान आलंभिया से राजगृही पधारे है। राजगृही उनके धर्मसंघ का केंद्रबिंदू बन गया है। यहीं से उनकी देशना दूर सुदूर देश प्रदेशों में फैल रही है। अभी तक यह माना जाता था कि पशुओं को मारने-खाने के लिए ही निर्माण किया गया है। उनकी शिकार करना राजाओं का शौक माना जाता था। महावीर ने इस शौक को घोर हिंसा बताया। पशुओं को भी जीने का अधिकार है। महावीर कहते हैं, ''अगर उनका जन्म शिकार के लिए ही हुआ है तो मनुष्य का जन्म किसलिए हुआ? यह भी एक प्रश्न है। क्या वह इसी तरह इन मूक पशुओं की हिंसा के भार से दबा अपना हित कर रहा है ? जो हिंसा कर्म करके कहता है कि वह पापमुक्त है वे क्या कमा रहे है?''

महावीर के उपदेश की चर्चा दूर-दूर तक पहुँच गई। राजा शिकार से दूर रहने लगे, राजा श्रेणिक ने अपने राज्य में शिकार पर प्रतिबंध लगा दिया। राजा श्रेणिक भगवान का उपासक बन गया। भगवान के जीवन संदेशों से वह इतना प्रभावित हुआ कि उसने घोषणा कर दी कि, ''जो भी भगवान का शिष्य बनना चाहता है, वह निश्चिंतता से बने । उसके परिवार का दायित्व राज्य वहन करेगा।'' श्रेणिक की रानियाँ, उनके पुत्र भगवान के उपासक बन गये। फिर भी भगवान कभी उनके आमंत्रण से राजमहल में नहीं गये। श्रेणिक विनंती करके थक गया, पर वे उनके समर्थन में कुछ नहीं कहते। यही तो धर्मशास्ता की समता होती है यह इसका उदाहरण है।

एक दिन भगवान के समवशरण में अजीब बात बनी। समवशरण में राजा श्रेणिक अपने बुध्दिमान पुत्र अभयकुमार के साथ बैठे है। वहींपर प्रसिध्द कसाई कालशौकरिक भी बैठा है जिसे जीवों को मारने की आदत है। उसे समवशरण में देखकर सभी आश्चर्य में है। कहाँ अहिंसा, मैत्री, करुणा के देवता और कहाँ हिंसा का क्रूर दानव। वहाँ पर एक विचित्र वृध्द भी उपस्थित है। उसने अचानक श्रेणिक की ओर देखकर कहा, ''राजन्! तुम चिरकाल तक जीवित रहो।'' भगवान की ओर देख कर कहा, आप जल्दी मर जाईए। अभयकुमार को देखकर बोला, ''जिंदा रहो या मरो।'' कसाई की ओर देखकर बोला, ''न जीओ न मरो।'' ऐसी विचित्र बाते बोलकर वह वहाँ से तुरंत निकल गया।

उस वृध्द की बातें सुनकर सभी आश्चर्यचकित हुए। राजा श्रेणिक सह अन्य अनुयायी गुस्से में आ गए। अरे! यह कौन है? जो भगवान से कहता है आप जल्द मर जाओ। भगवान के चेहरेपर स्मित है। सभी उसकी ओर देख रहे है। वह ऐसी विचित्र बातें कैसे कह गया? इसके पीछे क्या रहस्य है। राजा श्रेणिक गंभीर मुद्रा में है वे भगवान से सब की जिज्ञासा शांत करने के लिए निवेदन करते हैं।

''राजन्! उस वृध्द ने अर्थपूर्ण बातें कही है। उसकी पहेलीयुक्त बात सभी के जीवनपर लागू होती है इन्हें समझो। राजन् तुमसे कहा दीर्घकाल तक जीते रहो। इसका अर्थ है तुम राजा हो यहाँ सुख ही सुख है, समर्थ हो, पर आगे तुम्हें यह सब मिलेगा ऐसा नहीं, क्यों कि यहाँ तुमने ऐसे कर्म नहीं किये है। यहाँ भोग में, हिंसा में डूबे रहे अत: आगे तुम्हारी गति कुछ ठीक नहीं, तो तुम चिरकाल तक जीते रहो।''

''मुझे कहा- जल्दी क्यों नहीं मरते। अब तो कुछ ही कर्म बाकी है सर्वज्ञ बन गये है, आगे पूर्ण मुक्ति है, फिर क्यों इस शरीर में रहना?''

''अभयकुमार से कहा, 'जीओ या मरो' तुम्हारा यहाँ भी अच्छा है सुख ही सुख और आगे भी सुख ही सुख अच्छा है, क्योंकि भावना, कर्म दोनों अच्छे है।''

''कालशौकरिक से कहा 'न जीओ न मरो'। बडी ही गहरी टिप्पणी है इसके जैसे जीवोंपर ये जीएगा तो हिंसा ही करेगा, इसके मन के भाव एवं कर्म इतने हीन है कि यह जीयेगा तो दूसरों को दुख ही देगा, अत: इसे आगे दुख ही दुख है। जीवन की इन गूढ बातों को सुन सारे विस्मित और स्तब्ध रह गये।

भगवान ने सबको कर्मदर्शन व उसके परिणाम के यथार्थ दर्शन करा दिये। सभी बातों का सुंदर विवेचन सुनकर श्रेणिक खुश हुआ। पर जैसे ही ध्यान आया कि आगे गति ठीक नहीं इसी विचार से बहुत दुखी हो गया।

चिंतित स्वर में बोले, ''भगवन! आगे मेरी गति अच्छी हो इसके लिए क्या उपाय है?''

भगवान ने कुछ नहीं कहा। पर बार-बार पूछनेपर फरमाया, ''किये हुए कर्मों को भोगे बिना छुटकारा नहीं। फिर भी तुम्हारा आग्रह है तो इन उपायों को करके देखो-राजगृह में कपिलादासी से दान करवा दो, वह संभव न हो तो श्रेणिक तुम दादी को दर्शन करवाओ। यदि यह भी नहीं हो सके तो कालशौकरिक की हिंसा बंद करवा दो अन्यथा अंतिम उपाय पूणिया श्रावक से एक सामायिक खरीद लो इन चार उपायों में से एक भी कर सको तो तुम्हारी गति अच्छी होगी।''

इन उपायों को सुन श्रेणिक खुशी से उछल पडा। बड़े ही खुश हुये, मैं राजा हूँ मेरे लिए क्या असंभव है?

श्रेणिक कुछ दिन बाद भगवान की सेवा में उपस्थित हुये बड़े दुखी नजर आए। भगवान ने पूछा, ''राजन्! क्या बात है बड़े ही दुखी हो?

''भगवान आपसे क्या छिपा है। दुर्गति से बचने के लिए आपने जो भी उपाय बताये, वे अजमाये पर उसमें मुझे सफलता नहीं मिली। मुझे सब आसान लगा पर सब कठिन था। समवशरण में उपस्थित सभी उत्सुक है, भगवान ने बताए उपाय में से क्या-क्या किये है श्रेणिक ने।

राजाने कहा, ''भगवन! कपिला से बहुत कहा दान देने के लिए पर वह तैयार नहीं हुई। उसके हाथ से दान दिलाया पर वह कहती, दान मैं नहीं ये चाटु दे रहा है। यह मेरा नहीं है राज्य का है।

''दादी से इतना आग्रह किया, जबरदस्ती लाने की कोशिश की, तो उसने आँखों को नुकसान पहुँचाया। वह उपाय मैंने छोड दिया।''

''कालशौकरिक से बहुत कहा पर मानता ही नहीं था। छिपकर हिंसा करता है। मैंने उसे कुएँ में बंधवा दिया, तो वहाँ मिट्टी मिल गई, उससे भैंसे बनाकर वहाँ भी मनसे हिंसा करता। जिसकी कोई सीमा नहीं।''

''हारकर बडी आशा से पूणिया श्रावक के पास गया, सोचा यह तो बड़ा सरल उपाय है ध्यान में क्यों नहीं आया। मेरे पास धन की क्या कमी है। मैंने पूणिया से सामायिक देने की बात कही उसके लिए चाहे जो धन ले लो, पहले तो वह देखते रहा फिर मेरी बातपर बहुत हँसा और बोला, ''भगवान से ही पूछना एक सामायिक का मूल्य क्या है ? फिर आप खरीदने आना।''

''भगवान मैं क्या करूँ? मुझे दुर्गति में नहीं जाना है।''

राजन्! कपिला से जबरदस्ती दान करवाया उसके मन में भाव नहीं थे। दादी को बहुत कहा चलो दर्शन करने, उसके मन में भी भावना नहीं्। कालशौकरिक के लिए अनेक प्रयास किये, उसे डराया भी, उसे कुएँ में भी डाला वहाँ भी वह भाव हिंसा करने लगा। सब मन के भावोंपर आधारित है। भाव अच्छे तो कर्म भी अच्छे। भाव में अगर कमी आये तो कर्म भी वैसे। फिर यह परिभ्रमण चलता रहता है। जैसे भाव वैसे कर्म, जैसे कर्म वैसे भाव।''

''राजन्! तुम दुर्गति में जाना नहीं चाहते तो कर्म ऐसे क्यों किये? तुम कर्म करने में स्वतंत्र हो कर्म भोगते वक्त परतंत्र कर्म करने से पहले सोचना चाहिए कि ऐसा कोई कर्म न हो जिससे मुझे परतंत्र होना पडे। तुम्हारे पर निर्भर है तुम किन कर्मों का चुनाव करते हो। चुनाव के बाद उसके परिणाम से बच नहीं सकते। कर्म करते वक्त सौ बार सोचो।''

''और राजन् ! पूणिया श्रावक ने सामायिक का मूल्य नहीं बताया। सामायिक का मोल नहीं होता। सामायिक क्रय-विक्रय की वस्तु नहीं है। वह तो आत्मा की एक स्थिति है। 'आत्मा' ही सामायिक है, 'सामायिक' ही आत्मा है। जो वर्तमान को उपलब्ध हो

जाता है वह समता में होता है। जो समता में आ जाता है, समता में स्थित है वह आत्मा में स्थित स्थिर है। वह राग-द्वेष से परे है।''

भगवान की वाणी सुनकर श्रेणिक राजा में हिंमत आई। उसे अपनी दुर्गति के बाद भी सुनहरी प्रभात दिखाई दी। उसे विश्वास हो गया कि भगवान के समवशरण में आने के बाद मेरी आत्मा भटकेगी नहीं। प्रभु की निष्पक्षता देखकर उनके वीतरागता के प्रति सभी नतमस्तक है। यह उन धर्मगुरुओं के लिए करारा सबक है, जो अनुयायी भक्त बनाने के चक्कर में सत्य, तत्व, सिध्दांतों को तिलांजली देकर उनके हर गलत आचरण को समर्थन देते है।

भगवान ने श्रमण और श्रावक दोनों के लिये एक सुंदर जीवन शैली, आचार प्रणाली बनाई। ●

## ऐसा कौनसा कुआँ है जिसमें गिरने के बाद आदमी बाहर नहीं निकल पाता ?

एक बार राजा भोज के दरबार में एक सवाल उठा कि ऐसा कौन सा कुआँ है जिसमें गिरने के बाद आदमी बाहर नहीं निकल पाता ?

इस प्रश्न का उत्तर कोई नहीं दे पाया । आखिर में राजा भोज ने राज पंडित से कहा कि इस प्रश्न का उत्तर सात दिनों के अंदर लेकर आओ ।

वरना आपको अभी तक जो इनाम धन आदि दिया गया है । वापस ले लिए जाएँगे तथा इस नगरी को छोड़कर दूसरी जगह जाना होगा । छह दिन बीत चुके थे।

राज पंडित को जवाब नहीं मिला था । निराश होकर वह जंगल की तरफ गया । वहाँ उसकी भेंट एक गड़रिए से हुई । गड़रिए ने पूछा आप तो राजपंड़ित है । राजा के दुलारे हो फिर चेहरे पर इतनी उदासी क्यों ? यह गड़रिया मेरा क्या मार्गदर्शन करेगा ? यह सोचकर पंडित ने कुछ नहीं कहा । इस पर गडरिए ने पुन: उदासी का कारण पूछते हुए कहा, पंडितजी हम भी सत्संगी हैं, हो सकता है आपके प्रश्न का जवाब मेरे पास हो, अत: नि:संकोच कहिए । राज पंडित ने प्रश्न बता दिया और कहा कि अगर कल तक प्रश्न का जवाब नहीं मिला तो राजा नगर से निकाल देगा ।

गड़रिया बोला - ''मेरे पास पारस है उससे खूब सोना बनाओ । एक भोज क्या लाखों भोज तेरे पीछे घूमेंगे । बस पारस देने से पहले मेरी एक शर्त माननी होगी कि तुझे मेरा चेला बनना पड़ेगा ।''

राज पंडित के अंदर पहले तो अहंकार जागा कि दो कौड़ी के गड़रिए का चेला बनूँ ? लेकिन स्वार्थ पूर्ति हेतु चेला बनने के लिए तैयार हो गया । गड़रिया बोला - ''पहले भेड़ का दूध पीओ फिर चेले बनो । राजपंडित ने कहा कि यदि ब्राम्हण भेड़ का दूध पीयेगा तो उसकी बुद्धि मारी जाएगी । मैं दूध नहीं पीऊँगा ।'' ''तो जाओ मैं पारस नहीं दूँगा'' गड़रिया बोला ।

गड़रिया बोला, ''अब तो पहले मैं दूध को झूठा करुँगा फिर तुम्हें पीना पड़ेगा ।''

राजपंडित ने कहा, ''तू तो हद करता है । ब्राम्हण को झूठा पिलायेगा ?'' तो जाओ गड़रिया बोला ।

राजपंडित बोला - ''मैं तैयार हूँ झूठा दूध पीने को ।

गड़रिया बोला वह बात गयी । अब तो सामने जो मरे हुए इंसान की खोपड़ी का कंकाल पड़ा है, उसमें मैं दूध दोहूंगा, उसको झूठा करुँगा, फिर तुम्हें पिलाऊँगा। तब मिलेगा पारस । नहीं तो अपना रास्ता लीजिए । राजपंडित ने खूप विचार कर कहा, ''यह तो बड़ा कठिन है, लेकिन मैं तयार हूँ ।

गड़रिया बोला - ''मिल गया जवाब ।

यही तो कुआँ है लोभ का, तृष्णा का जिसमें आदमी गिरता जाता है और फिर कभी नहीं निकलता।

जैसे कि तुम पारस को पाने के लिए इस लोभ रुपी कुएँ में गिरते चले गए । ●